हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 4 जुलाई 2026

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री


11 उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के 34 गांवों की मूलभूत ...



12 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
04 जुलाई 2026
कूपन नं.
6


### औसत के मुकाबले अब तक 43.05 फीसदी बारिश

# आसमान पर घुमड़ रहे बादल, झमाझम बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय होने के साथ ही बारिश की गतिविधियां शुरु हो गई हैं। 24 घंटे में बेलरगांव तहसील में सबसे अधिक 25 मिमी बारिश हुई। जबकि धमतरी, कुकरेल सहित सभी तहसील में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। जिलेभर में मानसूनी बादल छाये हुए हैं। इसके चलते अधिकतम तापमान गिरकर 32 डिगी सेल्सियस पर पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र अगले 2-3 दिन में और मजबूत होगा। इसके प्रभाव से अगले 5 दिनों तक पूरे प्रदेश में व्यापक वर्षा गतिविधि जारी रहने तथा मध्य



एवं दक्षिणी छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं भारी से अतिभारी वर्षा होने की संभावना है।

खुर्रा बोनी कर बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के जान में जान आई है। पिछले तीन दिनों से आसमान पर छाये घने बादल कहीं पर बरसे तो कहीं पर बूंदभर पानी नहीं गिरा। गुरुवार की रात सभी तहसील में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। भू- अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलरगांव तहसील में सबसे अधिक 24.5 मिमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया है। जबकि धमतरी में 19.6 मिमी, कुकरेल में 19 मिमी, कुरूद में 15.9 मिमी, भखारा में 13.6 मिमी, नगरी में 12.8 मिमी तथा मगरलोड तहसील में सबसे कम 10.2 मिमी बारिश हुई है।

### औसत से 56 प्रतिशत कम बारिश

शुक्रवार की स्थिति में जिले में औसत वर्षा के मुकाबले 56.5 प्रतिशत कम बारिश हुई है। औसत वर्षा के आंकड़े बताते हैं कि 3 जुलाई तक जिले में 217.6 मिमी बारिश होने का रिकार्ड है, लेकिन इस साल 94.7 मिमी वर्षा हो पाई है जो औसत वर्षा के मुकाबले 43.5 प्रतिशत बारिश है।

### पांच दिन बारिश के लिए अनुकूल

उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले 5 दिनों तक पूरे प्रदेश में वर्षा गतिविधि जारी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कम दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास के क्षेत्र में स्थित है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊंचाई तक फैला हुआ है। ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है। अगले दो दिनों में उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्र में बने कम दबाव के केंद्र तक मौसमी द्रोणिका बनी हुई है जो उत्तरी मध्यप्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से होकर गुजर रही है। यह 1.5 किमी की ऊंचाई तक फैली हुई है। वहीं 21 अंश नार्थ अक्षांश के साथ एक शियर जोन बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस विभाग में हुआ मामूली फेरबदल

**धमतरी।** प्रशासनिक कसावट लाने एसपी सूरज सिंह परिहार ने विभाग में मामूली फेरबदल किया है जिसमें निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक,



प्रधान आरक्षक और आरक्षक प्रभावित हुए हैं। पुलिस कार्यालय से जारी सूची के अनुसार भखारा थाना का प्रभार संभाल रहे निरीक्षक शरद ताम्रकार को पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं निरीक्षक तामेश्वर सिंह नेताम को भखारा थाना प्रभारी बनाया गया है। एएसआई देवनाथ सिन्हा को पुलिस लाइन से थाना केरेगांव भेजा गया है। प्रधान आरक्षक रेशम मांडले चौकी बिरेझर से थाना नगरी, शेखर सिन्हा थाना मगरलोड से थाना सिहावा, प्रधान आरक्षक ठाकुरराम सिन्हा, आरक्षक गितेश्वर नेताम व धर्मेन्द्र साहू को यातायात से पुलिस लाइन भेजा गया है। इसी तरह आरक्षक दिनेश साहू थाना धमतरी से यातायात, इन्द्र कुमार ध्रुव चौकी करेली बड़ी से पुलिस लाइन, महिला आरक्षक भाग्यलक्ष्मी पुलिस लाइन और मोहिनी गोस्वामी को यातायात से पुलिस लाइन भेजा गया है।

# छापामार कार्रवाई में 120 बोरी यूरिया जब्त, एक दुकान का लाइसेंस निरस्त

■ कई विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





संचालक कृषि राहुल देव के निर्देशन तथा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग की टीम जिलेभर में उर्वरक विक्रय केंद्रों की लगातार निगरानी कर रही है।

इसी क्रम में 2 जुलाई को अनुविभागीय कृषि अधिकारी धमतरी एवं विकासखण्ड स्तर पर नियुक्त निरीक्षण दलों ने विभिन्न उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने धमतरी विकासखण्ड के ग्राम दर्री स्थित अशोक ट्रेडर्स, हनुमान कृषि केन्द्र खरेंगा, उपकार ट्रेडर्स कण्डेल, पवन ट्रेडर्स कण्डेल, अंजनेय कृषि केन्द्र झिरिया, कुरूद विकासखण्ड के चन्द्राकर कृषि केन्द्र कुहकुहा, अजीत कृषि केन्द्र दरबा, गुरुकृपा कृषि केन्द्र सेमरा, नेतराम कृषि केन्द्र मरौद, यदु कृषि केन्द्र मुल्ले, शिवम कृषि केन्द्र, हनुमान कृषि केन्द्र गुदगुदा, नीरज कृषि केन्द्र सिर्री, प्रणव कृषि केन्द्र थुहा तथा मगरलोड विकासखण्ड के शिवम कृषि केन्द्र भेण्डरी एवं लोचन कृषि केन्द्र बुड़ेनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स वर्षा कृषि केन्द्र भानपुरी में अवैध रूप से 120 बोरी यूरिया उर्वरक का भण्डारण पाया गया। तत्काल उक्त उर्वरक को जब्त कर उसके विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।

निरीक्षण में यह भी पाया कि मेसर्स अशोक ट्रेडर्स द्वारा प्राप्त उर्वरक लाइसेंस के बावजूद विगत दो वर्षों से उर्वरक व्यवसाय का संचालन नहीं किया जा रहा था। इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए संबंधित प्रतिष्ठान का लाइसेंस आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह हनुमान कृषि केन्द्र खरेंगा, उपकार ट्रेडर्स कण्डेल, पवन ट्रेडर्स कण्डेल तथा अंजनेय कृषि केन्द्र झिरिया में निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन 8 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक आयु के दसवीं पास अभ्यर्थी 8 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशनकार्ड की फोटो कॉपी और पासपोर्ट साइज फोटो सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में जमा किया जा सकता है।

# प्रधानपाठकों की अग्रिम जमानत पर हाईकोर्ट में आदेश सुरक्षित



पुलिस सुरक्षा के साथ प्रार्थी कृष्णकुमार साहू ने वीडियो कांफ्रेसिंग में भाग लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला सत्र न्यायालय से खारिज प्रधानपाठकों की अग्रिम जमानत को उच्च न्यायालय ने आगामी आदेश के लिए सुरक्षित रख लिया है। मगरलोड जनपद में हुए शिक्षाकर्मी फर्जीवाड़ा मामले में जिला सत्र न्यायालय ने जिन प्रधानपाठकों की अग्रिम जमानत खारिज की थी, उनमें से प्रधानपाठक रमाकांत मरकाम, घनश्याम सिन्हा, नोमेश्वर कुमार, रमशीला कुंजाम, योगेंद्र ध्रुव, टीनूबाला साहू एवं होरीलाल ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में अग्रिम जमानत प्रस्तुत की थी।

शुक्रवार को जिला सत्र न्यायालय धमतरी के वीडियो कांफ्रेसिंग हाल में सुनवाई हुई। पुलिस सुरक्षा के साथ प्रार्थी कृष्णकुमार साहू ने वीडियो कांफ्रेसिंग में भाग लेकर जमानत पर आपत्ति जताई। इसी तरह 2007 की भर्ती से वंचित अभ्यर्थी सोनकुमारी कोसले ने भी वीडियो कांफ्रेसिंग में उपस्थित होकर जमानत पर आपत्ति दर्ज की। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने आगामी आदेश के लिए फैसला को सुरक्षित रखा है।


आवश्यकता है
- जेसीबी किराए पर चाहिए (किराया 1 से 1.25 लाख ) मॉडल देखकर (डबल ड्रायवर सहित)
- हाईवा ड्रायवर 2 पद (अनुभवी को प्राथमिकता)
- ऑफिस स्टाफ (अनुभवी ही संपर्क करें)
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (अनुभवी ही संपर्क करें)

श्री श्याम ट्रेडिंग कंपनी, धमतरी
रेल्वे स्टेशन के सामने, धमतरी
मो. 78881-18675 (संपर्क : दोपहर 12 बजे से 6 बजे तक)



## खबर संक्षेप



### जमीन सीमांकन के दौरान तलवार लेकर धमकाने वाला गिरफ्तार

**जगदलपुर।** जमीन सीमांकन के दौरान आम लोगों को धारदार तलवार लेकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला नगरनार थाना क्षेत्र के मारकेल सिवनागुड़ा पारा का है। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में सार्वजनिक स्थल में तलवार लेकर आम लोगों को डराने धमकाने की सूचना पर टीआई नगरनार संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम ग्राम मारकेल शिवनागुड़ापारा पहुंची। घटनास्थल पर जमीन सीमांकन के दौरान आरोपी विश्वकर्मा कश्यप द्वारा धारदार लोहे का तलवार लहराकर आम लोगो को डरा धमकाकर भयभीत कर गांव का माहौल खराब कर रहा था जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम बिटांगीपाली में एक महिला के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में बसना थाने में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बिटांगीपाली की एक महिला ने रिपोर्ट लिखाई है कि 28 जून की रात 8 बजे शराब के नशे में आकर उसके देवर प्रमोद नाग ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के विरूद्ध थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।

## निधन

### सुरूज बाई



**धमतरी।** ग्राम बारना निवासी सुरूज बाई साहू का 90 वर्ष की आयु में 2 जुलाई गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे भाजपा बूथ अध्यक्ष दौलत राम साहू, नेतराम साहू, कुशल राम साहू की मां व प्रवीण साहू, सतीश साहू, खेमन साहू, तारेंद्र साहू व विजय साहू की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन व स्वजन उपस्थित हुए। उनकी आत्मा के शांति के लिए रूपचंद साहू, विष्णुप्रसाद सोनवानी, अमी साहू सहित अन्य लोगों ने भगवान से प्रार्थना की।


## ज़ाहिर सूचना

आमजन को सूचित किया जाता है कि, केशव राम साहू, पिता-हेमलाल साहू, निवासी-95, साहू पारा, वार्ड-06, देवकोट, बालोद, छत्तीसगढ़, पिन कोड-491227 एवं कस्टमर सर्विस पॉइंट पता-ग्राम कोर्रा, जिला-धमतरी, छत्तीसगढ़ में स्थित था एवं भखारा लिंक ब्रांच (कोड-16190) स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया से सम्बंधित कस्टमर सर्विस पॉइंट था, जिसके खिलाफ कुछ शिकायत आने पर उनकी कियोस्क आई.डी. 32801396 दिनांक-29.11.2025 को हमारी संस्था द्वारा बंद कर दी गई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त व्यक्ति से एवं किओस्क आईडी पर कोई भी बैंकिंग लेन-देन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं **NICT Technologies Pvt. Ltd.** के नाम पर न करें, अन्यथा आपकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

उक्त कियोस्क खाताधारकों को सूचित किया जाता है कि, उक्त संचालक के खिलाफ कोई शिकायत हो तो, कृपया अपनी शिकायत प्रमाण सहित इस प्रकाशन से 15 दिवस के अंदर तक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा भखारा लिंक ब्रांच (कोड-16190) में जमा करवा देवें, उक्त समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की शिकायत पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज्ञा से -**
**NICT Technologies Pvt. Ltd.**


# मखाना की खेती बनेगी किसानों की नई आय का आधार : रामविचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने धमतरी प्रवास के दौरान विकासखंड कुरूद के ग्राम छाती में संचालित मखाना खेती का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के समन्वित प्रयास से विकसित इस नवाचार का अवलोकन करते हुए उन्होंने मखाना उत्पादन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री नेताम खेत में पहुंचे और मखाना के बीज रोपण, पौधों की वृद्धि, फसल प्रबंधन, फल परिपक्व होने तथा जलाशय से फल निकालकर पारंपरिक विधि से प्रसंस्करण कर तैयार मखाना बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया को बारीकी से देखा। अधिकारियों ने बताया कि मखाना की फसल सामान्यतः 6 से 8 माह में तैयार होती है, जिसके बाद प्रसंस्करण के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाला मखाना प्राप्त किया जाता है।

इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त परदेशी सिद्धार्थ कोमल, संचालक कृषि राहुल देव, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, उपसंचालक पशुपालन श्री मरकाम, सहायक संचालक उद्यानिकी गीता साहू, सहायक संचालक मछलीपालन कमल कुमार, कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री ने ग्राम छाती में मखाना उत्पादन का किया निरीक्षण

### 29 एकड़ में मखाना की खेती

अधिकारियों ने जानकारी दी कि ग्राम छाती में महिला शैलपुत्री एवं नई किरण महिला स्व-सहायता समूह द्वारा लगभग 29 एकड़ क्षेत्र में मखाना की खेती की जा रही है। यह पहल स्थानीय महिलाओं को रोजगार एवं नियमित आय उपलब्ध कराने के साथ-साथ क्षेत्र में वैकल्पिक कृषि को भी नई दिशा दे रही है।



### स्व-सहायता समूहों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि मखाना एक उच्च मूल्य की पोषक एवं बाजार में बढ़ती मांग वाली फसल है, जो किसानों की आय बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं रखती है। उन्होंने उत्पादन के साथ-साथ प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, विपणन तथा महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

### ग्रामीण आजीविका होगी मजबूत

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिले में वर्तमान में लगभग 80 हेक्टेयर क्षेत्र में मखाना की खेती की जा रही है। इसके अलावा नगरी विकासखंड में 100 एकड़ अतिरिक्त क्षेत्र में मखाना उत्पादन का विस्तार करने की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

छह माह बाद भी अधूरी पेंटिंग, लटकते बिजली तार और बंद हाईमास्ट लाइट बनी चिंता का कारण

# 26 लाख की मरम्मत स्वीकृति के बाद भी जपं भवन अधूरा, गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जनपद पंचायत भवन के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। भवन की मरम्मत के लिए लगभग 26 लाख रुपये की राशि स्वीकृत होने के बावजूद कई स्थानों पर कार्य अधूरा दिखाई दे रहा है। भवन के विभिन्न हिस्सों में अधूरी पेंटिंग, जर्जर दीवारें, अव्यवस्थित रूप से लटकते बिजली के तार तथा लंबे समय से बंद पड़ी हाईमास्ट लाइट को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने कार्य की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की है।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत भवन की मरम्मत का कार्य करीब 6 माह पूर्व प्रारंभ कराया गया था। वर्तमान स्थिति को देखने पर भवन के कई हिस्सों में मरम्मत कार्य अधूरा नजर आता है। भवन के पीछे के हिस्से में कई स्थानों पर डेंटिंग-पेंटिंग का कार्य नहीं किया गया है। कुछ दीवारों पर पुरानी परतें और क्षतिग्रस्त प्लास्टर स्पष्ट दिखाई देता है। कई हिस्सों में रंग-रोगन का कार्य भी अधूरा बताया जा रहा है। भवन के सामने की दीवारों पर बिजली के तार खुले एवं अव्यवस्थित ढंग से लटकते दिखाई देते हैं, जिससे भवन की सुंदरता प्रभावित होने के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी आशंकाएं भी व्यक्त की जा रही हैं।





परिसर में बड़े बड़े स्थापित हाईमास्ट लाइट भी कई महीनों से बंद होने की बात सामने आई है। इसके अलावा कुछ स्ट्रीट लाइट भी प्रारंभिक अवधि के बाद से बंद पड़ी बताई जा रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मरम्मत कार्य के दौरान इन स्थानों पर भी समुचित सुधार किया जाना चाहिए था, जिससे भवन पूरी तरह उपयोगी और व्यवस्थित बन सके। जनपद पंचायत परिसर में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन भी मरम्मत कार्य के चलते लंबे समय तक बंद रही। समूह की महिलाओं का कहना है कि कैंटीन बंद रहने से उनकी नियमित आय प्रभावित हुई और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

लोगों का कहना है कि शासकीय राशि से कराए गए कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता होना आवश्यक है। संबंधित विभाग द्वारा पूरे मरम्मत कार्य की तकनीकी एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।

इस संबंध में विभागीय इंजीनियर ने बताया कि मरम्मत कार्य अभी पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुआ है। शेष कार्य शीघ्र पूरा करा दिया जाएगा और सभी आवश्यक बिंदुओं पर ध्यान दिया जाएगा।



जनपद पंचायत के सीईओ रोहित बोरझा ने कहा कि भवन का कुछ कार्य अभी शेष है, जिसे जल्द पूरा कराया जाएगा। परिसर की लाइट तकनीकी रूप से ठीक है लेकिन बिजली बिल अधिक आने के कारण उन्हें नियमित रूप से नहीं जलाया जा रहा है।

ग्राम पंचायत बोराई में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण का हुआ समापन

# 35 ग्रामीण युवा बने कुशल राजमिस्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

ग्रामीण युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में ग्राम पंचायत बोराई में आयोजित 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन (असेसमेंट) के साथ समापन हुआ। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) धमतरी के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत बोराई एवं आसपास के गांवों के 35 युवाओं ने भाग लेकर आधुनिक निर्माण कार्य की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भवन निर्माण, ईंट चिनाई, प्लास्टर, लेवलिंग, माप-जोख, गुणवत्ता नियंत्रण तथा सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य की आधुनिक विधियों की जानकारी दी गई। जिला बालोद के मास्टर ट्रेनर पुरुषोत्तम निषाद ने प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान की। अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया।




समापन समारोह में सरपंच माखन लाल सलाम, सचिव रैन नेताम, पंच विजय नेताम, पंच राजेश मरकाम, आरसेटी संस्था प्रमुख प्रियेश, मास्टर ट्रेनर पुरुषोत्तम निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आरसेटी धमतरी के फैकल्टी एवं परीक्षा प्रभारी रितेश सिन्हा ने मूल्यांकन प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करते हुए प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा पलायन रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

राजेश कुमार निर्मलकर, राजेश मरकाम, छविलाल यादव, मुकेश मरकाम, माखन नेताम, मोरध्वज मरकाम, रघुराम मरकाम, श्रीराम नेताम, सुरेन्द्र कुमार साहू, भूपेन्द्र ध्रुव, विजय नेताम, किशोर कुंजाम, मिथिलेश साहू, राधेश्याम साहू, जागेश्वर ध्रुव, चन्द्रकुमार नेताम, जगदीश ध्रुव, सुकलेश नेताम, धनराज ध्रुव, रोहन साहू, माधव ध्रुव, कीर्तन साहू, लोभेश ध्रुव सहित कुल 35 युवाओं ने प्रशिक्षण लिया।

### गायत्री परिवार की बैठक 5 जुलाई को



**धमतरी।** माताजी के जन्म शताब्दी समारोह अभियान की प्रगति की समीक्षा और नये कार्यक्रम के निर्धारण के लिए गायत्री परिवार धमतरी ब्लाक की महत्वपूर्ण बैठक 5 जुलाई को एक बजे रिसाईपारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में रखी गई है। जिला समन्वयक दिलीप नाग एवं ब्लाक समन्वयकगण उगेश बंसोर, शेखन साहू ने परिजनों से उपस्थित होने का निवेदन किया है।

# जिपं सभापति ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में किया श्रमदान

- वार्ड भ्रमण कर जनसमस्याओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम पंचायत अछोटा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय आवासपारा में जिला पंचायत सभापति मोनिका देवांगन ने वार्डवासियों के साथ श्रमदान करते हुए वार्ड का भ्रमण किया तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं का जायजा लिया।

बारिश के कारण सड़क पर जलभराव एवं कीचड़ से आवागमन में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए श्रीमती देवांगन ने वार्डवासियों के सहयोग से सड़क पर मुरुम डलवाकर श्रमदान किया।





वार्ड भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने पेयजल, विद्युत, सड़क, जल निकासी तथा निस्तारी तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विस्तार सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई। उपसरपंच तिहारू राम देवांगन से भी आवश्यक पहल कर त्वरित समाधान करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर मोनिका देवांगन ने कहा कि जनहित से जुड़े प्रत्येक विषय का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौके पर तरुण देवांगन, योगेश देवांगन, पमेंद देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, टिकेश्वरी देवांगन सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### आमदी कॉलेज के दो विद्यार्थी बने अग्निवीर



**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के दो विद्यार्थियों का भारतीय सेना की अग्निवीर योजना के अंतर्गत चयन हुआ है। बीए तृतीय वर्ष के छात्र वेदप्रकाश पिता देवलराम एवं बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र केमेन्द्र साहू पिता अमन साहू ने अपनी कठिन मेहनत, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता अर्जित की। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मुझे विश्वास है कि वे राष्ट्रसेवा के सर्वोच्च दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए महाविद्यालय एवं प्रदेश का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे। शासकीय नवीन महाविद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू एवं जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डा. गौकरणप्रसाद जायसवाल, तरुण बैनर्जी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, अंकित बोधवानी ने कहा कि उनकी यह सफलता महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

### परसापानी में गंधर्व समाज महिला प्रकोष्ठ का गठन



**नगरी।** परसापानी में गंधर्व समाज के महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और महिला सदस्यों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाजहित, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकता, विकास और सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। नई कार्यकारिणी ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर शिक्षा के प्रसार, युवाओं के मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण तथा संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। समाजजनों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाज के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में समाज के अनेक वरिष्ठ सदस्य एवं महिला प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जोरातराई अं में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित, प्रवेश उत्सव भी मनाया गया





**अंवरी।** हायर सेकेंडरी स्कूल जोरातराई अं में मां सरस्वती माता की मूर्ति स्थापना व प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों को मिठाई खिलाकर व नवप्रवेशी छात्राओं को पुस्तक वितरण कर किया गया। इस अवसर पर गौकरण साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद, श्रीमती पूजा सिन्हा जिला पंचायत सभापति, आनंद यदु सभापति जनपद पंचायत कुरूद, पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, रामस्वरूप साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गोविंद सिंह राजपूत प्राधिकृत अधिकारी कोलियारी, प्रकाश तारक हायर सेकेंडरी स्कूल अध्यक्ष, परमेश्वरी साहू, टीआर साहू, संतोष साहू, रामजी तारक, हरिश्चंद्र तारक, श्रीमती पिंगला निर्मलकर, हेमलता यादव, श्रीमती बिंदु निर्मलकर , धान बाई साहू, सुर्मिला कुर्रे, देवनारायण साहू, बालमुकुंद साहू, सुरजीत तारक, राकेश पाल, अजय देशपांडे प्राचार्य, रेणुका बारले उपस्थित थे।

## नगरी महाविद्यालय में लघु शोध विषय पर हुआ व्याख्यान का आयोजन

# शोध के लिए ऐसा विषय चुनें जो आपकी रुचि का हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन एवं प्रो. जयराम कुर्रे विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग के निर्देशन में लघु शोध प्रबंध विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ.गौकरण जायसवाल सहायक प्राध्यापक हिन्दी शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी थे।

डॉ. जायसवाल ने कहा कि शोध एक अकादमिक महत्वपूर्ण कार्य है। एक बेहतर लघु शोध प्रबंध लिखने के लिए सही विषय का चयन सबसे महत्वपूर्ण कदम है। व्याख्यानमाला के मुख्य बिंदु है विषय का चयन और सीमांकन। शोध के लिए ऐसा विषय चुनें जो आपकी रुचि का हो और समाज के लिए उपयोगी हो। आज के डिजिटल युग में इंटरनेट पर जानकारी का भंडार है, लेकिन शोधार्थी को केवल प्रामाणिक और विश्वसनीय स्त्रोतों पर ही भरोसा करना चाहिए। एक प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शोध के दौरान आने वाली व्यावहारिक दिक्कतों और फार्मेटिंग से जुड़े अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए।



इस अवसर पर एमए हिन्दी चतुर्थ सेमेस्टर के लघु शोध कर रहे 8 छात्र-छात्राओं सहित डा. रमेश देवांगन, प्रो. राजाराम मेहरा प्रो. मोहित कुर्रे, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो. लालमन बेरवंश, अविरल तिवारी, सागर मंडावी, सीता नेताम, प्रियंका नेताम, ललिता कोकिला, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन आदि उपस्थित थे।


Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### कलार समाज के मंडल सचिव का उपचुनाव 12 को, नामांकन 5 जुलाई से

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला धमतरी के तहसील धमतरी मंडल सचिव पद के उपचुनाव के लिए 5 जुलाई को कलार समाज छात्रावास भवन रत्नाबांधा रोड में नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित समय-सारिणी में होगा। दोपहर 12 बजे से मतदाता सूची का प्रकाशन, नामांकन पत्र वितरण, नामांकन जमा, प्रारंभिक सूची का प्रकाशन, दावा-आपत्ति, नाम वापसी तथा अंतिम प्रत्याशी सूची और चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। निर्वाचन कार्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवाराम सिन्हा की देखरेख में होगा। इस अवसर पर जिला संरक्षक कालीदास सिन्हा सहित समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहेंगे। मतदान 12 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से शाम 4 बजे तक कलार समाज छात्रावास भवन, रत्नाबांधा रोड में होगा। निर्वाचन अधिकारियों ने मतदाताओं से आधार कार्ड अथवा मतदाता परिचय पत्र साथ लाने की अपील की है।

### सामले का छग स्टेट क्रिकेट में चयन

**धमतरी।** जिला क्रिकेट संघ की अंडर-23 टीम के खिलाड़ी नवदीप



सामले का चयन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ में हुआ है। सकुश गुप्ता सहसचिव जिला क्रिकेट संघ ने बताया कि बठेना वार्ड निवासी तेज गेंदबाज नवदीप सामले ने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। नवदीप ने तेज गेंदबाजी में एक विशेष स्थान बनाया है। जिला क्रिकेट संघ क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचानकर, उचित प्रशिक्षण व मार्गदर्शन विगत कई वर्षों से दे रहा है। इस वर्ष विभिन्न आयु वर्ग के 10 खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में हुआ है। इनमें 4 बालिका एवं 6 बालक शामिल हैं। इस उपलब्धि पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शरद रणसिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, सचिव अजय बाबर, कोषाध्यक्ष राकेश दीवान, कोच सजल चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

### गरीबों को आवास का हक नहीं देना चाहती साय सरकार : तारिणी

**धमतरी।** जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने प्रदेश



की भाजपा साय सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों को उनके बुनियादी अधिकारों से वंचित कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले मकानों की सूची से तकनीकी कारणों का हवाला देकर भारी संख्या में जरूरतमंद और गरीब परिवारों के नाम काट दिए गए हैं। यह सीधे तौर पर गरीबों के हक पर डाका डालने जैसा है। जिलेभर के गरीब और पात्र लोग आज अपने आशियाने की आस में सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं और अधिकारी तकनीकी खामी बताकर उन्हें बैरंग लौटा रहे हैं। प्रदेश की भाजपा साय सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि जब से प्रदेश में मोदी की गारंटी वाली में विष्णु देव साय की सरकार बनी है तब से प्रदेश के गरीब वर्ग के साथ किसान लगातार प्रताड़ित हो रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने साय सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों के साथ हो रहे इस अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

### सारंगपुरी में पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई

**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी की आंगनबाड़ी में पल्स पोलियो की दो बूंद सरपंच रामकुमार यादव द्वारा पिलाई गई। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजेश्वरी साहू, मितानिन गोमती नेताम, अमृतबाई सेन, कीर्तिलता कंवर, डूमेश्वरी विश्वकर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

# धमतरी जिले के कोटवारों ने नियमितीकरण के लिए की आवाज बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नियमितीकरण, मानदेय में बढ़ोतरी तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर जिले के कोटवारों ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम और तहसीलदार को सौंपकर मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

जिला अध्यक्ष राजेन्द्र देवदास और तहसील अध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि प्रदेशभर के कोटवार वर्षों से राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। पीढ़ी-दर-पीढ़ी सेवा देने के बावजूद उन्हें आज तक नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। वर्तमान में मिलने वाले मानदेय से परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है।

उन्होंने कहा कि लंबे समय तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्ति, मृत्यु अथवा त्यागपत्र की स्थिति में पेंशन और अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिलता, जिससे कोटवार आर्थिक असुरक्षा का सामना करते हैं।

**जिले के कोटवारों ने तहसील मुख्यालय में किया धरना-प्रदर्शन**



ज्ञापन में कोटवारों ने राजस्व विभाग में संविलियन, सेवा भूमि के आधार पर मानदेय में वृद्धि तथा जिन कोटवारों के पास सेवा भूमि नहीं है, उनके मानदेय को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की है। इसके अलावा विभिन्न श्रेणियों के कोटवारों के मानदेय में भी बढ़ोतरी, कोटवारी नियुक्ति में कथित भ्रष्टाचार पर रोक, राजस्व अधिकारियों द्वारा अनावश्यक ड्यूटी नहीं लगाए जाने, शिकायतों की निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्रवाई करने तथा नगर निगम क्षेत्र में कोटवारों की नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग भी शामिल है। धरना समाप्त होने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य पर प्रशासन, जनप्रतिनिधियों व संघर्ष समिति के बीच हुई चर्चा

# उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के 34 गांवों की मूलभूत समस्याओं पर बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी/धमतरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 34 प्रभावित गांवों की वर्षों पुरानी मूलभूत समस्याओं के समाधान की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में नगरी जनपद पंचायत सभाकक्ष में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और जल-जंगल-जमीन संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, वनग्रामों के राजस्व ग्राम में परिवर्तन तथा पर्यटन विकास जैसे अहम मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई।

बैठक में संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि क्षेत्रवासी पिछले दो से तीन दशकों से मूलभूत सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है।

इस पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि प्रशासन भी चाहता है कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र के लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं मिलें।

**ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक**





#### पुल-पुलिया का होगा निर्माण

कलेक्टर ने बताया कि अरसीकन्हार-रिसगांव सड़क निर्माण के प्रयास जारी हैं तथा बेलरगांव-बोरई सड़क स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान जिन गांवों का संपर्क टूट जाता है, वहां पहले पुल और पुलिया का निर्माण कराया जाएगा, ताकि लोगों को वर्षभर आवागमन की सुविधा मिल सके। स्टील ब्रिज सहित छोटे पुलों के निर्माण को भी प्राथमिकता में रखा जाएगा।

#### गांवों का विकास पहली प्राथमिकता

विधायक सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम ने कहा कि उदंती-सीतानदी क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रहने वाले लोगों के विकास और उनके संवैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित करना सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

#### सड़क और पुल निर्माण में तेजी लाने पर जोर

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं और संवैधानिक अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने सड़क और पुल निर्माण में तेजी लाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने जानकारी दी कि पीएम जनमन योजना के तहत जिले में लगभग 100 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया है तथा बेलरगांव और बोरई में दो नए पुलों का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा।

#### पर्यटन बनेगा विकास का नया आधार

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं। मांदागिरी, एकावारी और मेचका जैसे स्थलों को विकसित किया जा रहा है। होमस्टे, स्थानीय गाइड और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रस्तावित महानदी कॉरिडोर बनने से पूरे क्षेत्र में पर्यटन और स्थानीय रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। बैठक में इंटर-स्टेट बस टर्मिनल का प्रस्ताव शासन को भेजे जाने तथा रिसगांव में आदिवासी बाजार के लिए राशि स्वीकृत होने की भी जानकारी दी गई।

#### यह क्षेत्र वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार कोर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थायी पक्के निर्माण की अनुमति नहीं है।

ऐसे में ग्रामीणों की सहमति और नियमानुसार कच्ची सड़कों का निर्माण कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास है, इसलिए विकास कार्यों में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

#### आवास निर्माण में प्रशासन देगा पूरा सहयोग

जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में बेहतर कार्य हुआ है तथा वन क्षेत्रों में भी कई आवास बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री के परिवहन में प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग दिया गया है और शासन से निर्देश मिलते ही शेष पात्र हितग्राहियों को भी आवास स्वीकृत किए जाएंगे।

बैठक में जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, श्रवण मरकाम, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय, एसडीएम श्रीमती प्रीति दुर्गम, जनपद पंचायत नगरी के सीईओ रोहित बोरझा, उमेश देव, प्रेमलता नागवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, जिला पंचायत सदस्य संजय ठाकुर, जनपद सदस्य सिरधन सोम विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जल-जंगल-जमीन संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्कूल के विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों पर की चर्चा

- नपं अध्यक्ष से जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

सेजेस विद्यालय की नवनिर्वाचित जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती ममता चंद्राकर ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन से उनके कार्यालय में भेंट की। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विकास कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाओं के विस्तार हेतु नगर पंचायत का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने विद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की जानकारी भी नगर पंचायत अध्यक्ष को दी। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया भी उपस्थित थे।

नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जैन ने जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष को विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा नगर पंचायत विद्यार्थियों के हित में किए जाने वाले सकारात्मक प्रयासों में सदैव सहयोग करेगी। बैठक के दौरान विद्यालय के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ तथा भविष्य में समन्वय के साथ कार्य करने पर सहमति बनी।

### गुरु की शरण में रहने वाला व्यक्ति सच्चे सुख का अनुभव करता है

**धमतरी।** स्वामी टेऊंराम नगर स्थित श्री प्रेमप्रकाश आश्रम में आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज के 140वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित चालीहा महापर्व के 24वें दिन का कार्यक्रम विकास कुमार खारोनी परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भजन-कीर्तन व सत्संग का लाभ लिया। इस अवसर पर संत जी ने संगति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन तभी सार्थक और सुखमय बनता है, जब वह गुरु के नाम और सत्संग से जुड़ता है। बिना उद्देश्य के जीवन व्यर्थ बीत जाता है, जबकि गुरु की शरण में रहने वाला व्यक्ति मानसिक शांति और सच्चे सुख का अनुभव करता है।

## शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : प्रकाश

- घदुला में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मना, छात्राओं को साइकिल बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव माँ शीतला शासकीय हाईस्कूल घठुला के प्रांगण में हुआ। कक्षा पहली, छठवीं और नवमी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, गुलाल से स्वागत किया गया।

शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमी की छात्राओं को अतिथियों द्वारा साइकिलें वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया और अतिथियों को पौधे भेंट किए गए।

इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी माहेश्वरी ध्रुव, स्रोत समन्वयक प्रकाश साहू, नगरी विकासखंड के सभी संकुल समन्वयक, हृदयलाल साहू, मौसमी मंडावी, मोनू साहू, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विरेंद्र मिश्रा, कुलदीप कश्यप तथा बड़ी संख्या में शिक्षक, पालकगण उपस्थित थे।



#### बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम ने की। मुख्य अतिथि श्री बैस ने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने हायर सेकेंडरी स्कूल के उन्नयन के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। बीईओ कलीराम साहू ने शिक्षा विभाग की योजनाओं और उनके सकारात्मक परिणामों की जानकारी दी। प्रेमलता नागवंशी सभापति ने बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया। अकबर कश्यप जिला उपाध्यक्ष ने पालकों से अपील की कि वे घर पर भी बच्चों की शिक्षा की निगरानी करें।

#### बताया शिक्षा का महत्व

सरपंच सरिता ध्रुव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय और समाज के बीच समन्वय को जरूरी बताया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।




## अंचल की खबरें

### दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति ने कलेक्टर से की मुलाकात

**धमतरी।** ग्राम कंडेल में ग्राम पंचायत द्वारा दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति



को भूखंड आवंटित किया गया है जहां दिव्यांगजनों के लिए स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना प्रस्तावित है। उसके निर्माण एवं विकास की जानकारी अबिनाश मिश्रा जिलाधीश को उनके जन्मदिवस के दिन दी गई। जिलाधीश के ही प्रयास से सक्षम केंटिन की शुरुआत हुई है जिसमें दिव्यांगों को स्वरोजगार मिल रहा है। मौके पर समिति की अध्यक्ष संतोषी विश्नोई, बसंत कुमार विश्नोई, रोहित साहू, सुलेखा अली, शिवचरण, डाली, सोमन, डेरहाराम, नीलकंठ, सुलोचना, मिलाप और घनश्याम सिंह साहू मौजूद थे।

### साइकिल से स्कूल जाने की राह हुई आसान

**धमतरी।** ग्राम मुजगहन स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री ओमेश यादव रहे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू ने की। इस अवसर पर सरपंच होमेश्वर साहू, विद्यालय परिवार, अभिभावक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ओमेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। सरस्वती साइकिल योजना इसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है, जो ग्रामीण अंचलों की बेटियों के सपनों को नई उड़ान देने का कार्य कर रही है। जिपं सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू ने कहा कि शिक्षित बेटियां समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए छात्राओं को इनका पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### क्रमोन्नत या समयमान वेतनमान का विकल्प लेने का आदेश युक्तिसंगत नहीं : शिक्षक फेडरेशन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने सामान्य प्रशासन विभाग के 9 जून 2026 के उस आदेश पर आपत्ति जताई है, जिसमें प्रचलित क्रमोन्नति



योजना को वित्त विभाग की समयमान वेतनमान योजना में समाहित कर कर्मचारियों से विकल्प लेने की बात कही गई है। प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष दयालुराम साहू, विनोद ठाकुर (कार्यवाहक अध्यक्ष), सीताराम साहू (जिला महामंत्री), रोमन लाल (जिला संगठन मंत्री), भूषण चंद्राकर (संभागीय उपाध्यक्ष), अनुजराम, हृदय राम (ब्लॉक अध्यक्ष), शिव नारायण गजेंद्र, दीपक चौधरी (प्राचार्य) एवं अन्य पदाधिकारियों ने इसे सहायक शिक्षक संवर्ग के लिए अव्यावहारिक बताया। फेडरेशन के अनुसार, सहायक शिक्षकों को पूर्व में 12 एवं 24 वर्ष की सेवा पर क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत था, जबकि समयमान वेतनमान योजना में उनके लिए त्रिस्तरीय उच्चतर वेतनमान का लाभ स्वीकृत नहीं किया गया है। ऐसे में यदि सहायक शिक्षक क्रमोन्नति का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें अन्य कर्मचारियों की तरह तृतीय उच्चतर वेतनमान का लाभ नहीं मिलेगा और समयमान योजना का विकल्प भी व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव सामान्य प्रशासन विभाग एवं सचिव स्कूल शिक्षा से मांग की है कि पहले सहायक शिक्षक संवर्ग को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृत किया जाए, उसके बाद ही विकल्प लेने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाए।

### रोटरी एवं इनरव्हील क्लब ने किया डॉक्टर-सीए का सम्मान

**धमतरी।** रोटरी क्लब एवं इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में फिट लाइफ जिम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध



कराना तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले डॉक्टरों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान करना था। डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी डॉक्टर्स एवं सीए कऐ स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर मानव जीवन के सच्चे रक्षक हैं। विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान उनकी निःस्वार्थ सेवा को देश कभी नहीं भूल सकता। वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, उद्योग-व्यापार को सही दिशा देने तथा वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षगण, वरिष्ठ रोटेरियन, इनरव्हील क्लब की सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में रोटेरियन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पांच गर्भवती महिलाओं का पुंसवन संस्कार

**धमतरी।** गायत्री परिवार के आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान अंतर्गत



कुम्हारपारा धमतरी में पांच गर्भवती महिलाओं का एक कुण्डीय गायत्री महायज्ञ द्वारा सामूहिक पुंसवन संस्कार कराया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि आज चारों तरफ अनीति, हिंसा, मारकाट, अत्याचार की घटनाएं अधिक हो रही हैं। इसका प्रमुख कारण है बच्चों में संस्कार की कमी। इसलिए आने वाले पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए पुंसवन संस्कार की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। सहायक प्रबंध ट्रस्टी चेतन साहू ने भी अपने विचार रखे। श्रीमती अंजलि कुंभकार, डामिन कुंभकार, लता जगत, स्वाति पदमवार एवं अन्नपूर्णा का पुंसवन संस्कार श्रीमती गीता साहू, सावित्री पटेल एवं सुशीला छाटा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में नमिता देवांगन, रुक्मणि साहू, पदमनी साहू, हेमलता सिन्हा, शिवरात्रि सिन्हा, चमेली साहू, चन्द्रकली छाटा, सरस्वती, रा बाई का सहयोग रहा। इस दौरान जिला समन्वयक दिलीप नाग, सहायक प्रबंध ट्रस्टी चेतन साहू, वरिष्ठ परिजन डा रामचंद्र मेश्राम, चन्द्रहास बाण्डे, भागवत साहू मौजूद थे।

### भक्तों की सुविधा हेतु जगदीश मंदिर ट्रस्ट कर रहा वृहद व्यवस्था

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 16 जुलाई को निकलेगी

**रथयात्रा से पहले सप्ताहभर चलेंगे धार्मिक अनुष्ठान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर से निरंतर 108 वर्षों से महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलभद्र की रथयात्रा निकाली जा रही है जिसे देखने लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है। इस साल 16 जुलाई को रथयात्रा निकलेगी, जो जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राष्ट्रीय गौशाला स्थित जनकपुरी पहुंचकर सम्पन्न होगी।

रथयात्रा के एक सप्ताह पूर्व से जगदीश मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जायेंगे। 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे से महाप्रभु की प्राण प्रतिष्ठा, विशेष पूजन एवं हवन कार्यक्रम होगा। 16 जुलाई को प्रातः 5 बजे मंगला आरती एवं दर्शन और दोपहर 1 बजे रथयात्रा निकलेगी। रथयात्रा वापसी 27 जुलाई को राष्ट्रीय गौशाला से सिहावा चौक होते हुए श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी।



रथयात्रा की तैयारी को लेकर जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, बालकृष्ण शर्मा महाराज, अनिल मित्तल, आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल एवं रविकांत अग्रवाल जुटे हुए हैं।

रथयात्रा हेतु भक्तगण सेवा कार्य में प्रीतेश गांधी, संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी, महेन्द्र पंडित, राजेंद्र शर्मा, कीर्ति शाह, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, हरि कटारिया, अजीत खंडेलवाल, अनुराग महावर, कुलेश सोनी पार्षद, पिंटू यादव पार्षद, प्राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, निशित पटेल, अंसुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर, प्रतापराव कृदत, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, प्रियंक गांधी, राकेश चंदवानी पार्षद, वेदांत खंडेलवाल जुटे हैं।

श्री राष्ट्रीय गौशाला में भगवान जगन्नाथ के आगमन की तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही है। श्री राष्ट्रीय गौशाला के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल एवं ट्रस्टगण व्यवस्था में लगे हैं।

## तय दर से अधिक किराया वसूलने पर होगी कड़ी कार्रवाई



- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बस संचालकों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में बस संचालकों की समीक्षा बैठक हुई। जिला परिवहन कार्यालय में आयोजित इस बैठक में यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने, निर्धारित किराए की वसूली और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने सभी बस संचालकों को निर्देशित किया कि वे यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक किराया किसी भी परिस्थिति में न वसूलें। इसके साथ ही शासन द्वारा जारी निःशुल्क बस पासधारी हितग्राहियों को नियमानुसार और सम्मानपूर्वक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बस स्टाफ द्वारा इन पासधारी हितग्राहियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभावपूर्ण या अभद्र व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बस संचालकों को अपने चालक और परिचालकों को यात्रियों के प्रति शिष्ट, मर्यादित और संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने के लिए पाबंद करने को कहा गया है।

परिवहन विभाग ने नियमों की अनदेखी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि मोटरयान अधिनियम, 1988 और परमिट की शर्तों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। भविष्य में किसी भी रूट पर या बस में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रमुख बस संचालक संकेश भंसाली, सातमसिंह राजपूत, मेघेश्वर प्रसाद चंद्राकर, गोविंदलाल साहू, लोचन सिंह, धनेश कुमार और गोवर्धन सोनी उपस्थित थे।

## राइजिंग पाइपलाइन के इंटर कनेक्शन से पेयजल आपूर्ति बाधित

**धमतरी।** जल शुद्धिकरण संयंत्र में क्लियर वॉटर क्षेत्र की राइजिंग पाइपलाइन तथा नए वॉटर फिल्टर प्लांट की राइजिंग पाइपलाइन के इंटर कनेक्शन का महत्वपूर्ण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। यह कार्य शहर की पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं मजबूत बनाने की दिशा में किया जा रहा है। इससे आज धमतरी शहर के विभिन्न वार्डों में ओवरहेड टैंकों के माध्यम से होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रही। 4 जुलाई को प्रातःकाल की जलापूर्ति भी प्रभावित रहेगी। जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने उक्त कार्यों की मॉनिटरिंग कर दिशा निर्देश दिया। नगर निगम एवं जल विभाग की टीम कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए लगातार कार्यरत है। कार्य पूर्ण होते ही सभी वार्डों में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति पुनः प्रारंभ कर दी जाएगी।





















